# पाठ–4
# वाक्य–विचार

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. वाक्य के अंग होते हैं–
   (i) दो ☐ (ii) तीन ☐ (iii) चार ☐
2. किसी कार्य के न होने का पता जिस वाक्य से चलता है, वह कहलाता है–
   (i) निषेधार्थक वाक्य ☐ (ii) विधानार्थक वाक्य ☐ (iii) संदेहार्थक वाक्य ☐
3. जिस वाक्य से किसी बात का होना पाया जाए, वह कहलाता है–
   (i) निषेधार्थक वाक्य ☐ (ii) विधानार्थक वाक्य ☐ (iii) संदेहार्थक वाक्य ☐
4. 'मेरे आते ही तुमने निगाहे फेर ली' यह वाक्य है–
   (i) साधारण वाक्य (ii) मिश्रित वाक्य (iii) संयुक्त वाक्य
5. रचना के आधार पर वाक्य में भेद होते हैं–
   (i) आठ (ii) तीन (iii) पाँच

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. 'सचिन गीत गा रहा है।' यह ________ वाक्य है।
2. 'मै चाय पीता हूँ।' यह ________ वाक्य है।
3. 'यद्यपि वह कंगाल है, तथापि दयालु है।' यह ________ वाक्य है।
4. 'मैंने उसे पढ़ाकर नौकरी दिलवाई।' यह ________ वाक्य है।
5. 'सुरेश ने पत्र लिखा।' यह ________ वाक्य है।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. 'मैंने अभी खाना नहीं खाया।' यह वाक्य निषेधार्थक वाक्य है।
2. 'भगवान तुम्हें खुश रखें।' यह वाक्य निषेधार्थक वाक्य है।
3. 'तुम अमेरिका से कब आए।' यह वाक्य प्रश्नार्थक वाक्य है।
4. 'वाह! क्या चित्र बनाया है।' यह वाक्य विस्मयबोधक वाक्य है।
5. 'गीता चिड़ियों को दाना डाल रही है।' यह वाक्य विस्मयबोधक वाक्य है।
6. 'तुम्हें आज ही बनारस जाना है।' यह वाक्य आज्ञार्थक वाक्य है।
7. 'शायद मोहन पटना से लौट आया।' यह वाक्य संदेहार्थक वाक्य है।
8. 'जल्दी स्टेशन जाओ वरना रेल छूट जायेगी।' यह वाक्य संकेतार्थक वाक्य है।

**उद्देश्य और विधेय को अलग करो–**

1. सरिता को आम काटकर खिला दो। ________ ________
2. मोहन सो रहा है। ________ ________
3. सूर्य से गरमी मिलती है। ________ ________
4. आकाश में कौआ उड़ रहा है। ________ ________
5. लकड़हारा लकड़ी काटता है। ________ ________
6. राम ने रावण का वध किया। ________ ________
7. घर के सामने एक बाग है। ________ ________
8. चींटी पहाड़ पर चढ़ती है। ________ ________

LIVEWORKSHEETS